भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 2788

उत्तर देने की तारीख- 08/08/2024

अनसूचित जनजाति (अ.ज.जा.) के विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क कोचिंग

2788 श्री चिन्तामणि महाराज:

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार द्वारा देश में जनजातीय छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु निःशुल्क कोचिंग प्रदान करने के लिए अनेक योजनाएं प्रस्तावित/कार्यान्वित की गई हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उक्त योजना के अंतर्गत जनजातीय छात्रों को आईआईटी और संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग भी प्रदान की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का विचार वंचित अनुसूचित जनजाति (अ.ज.जा.) के अभ्यर्थियों को निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण कोचिंग प्रदान करने का है ताकि वे सरकारी/निजी क्षेत्र में नौकरी पाने के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्तीर्ण हो सकें और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या छत्तीसगढ़ राज्य के सरगुजा संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में रामानुजगंज-बलरामपुर और सूरजपुर जिलों के अंतर्गत गरीब अनुसूचित जनजाति (अ.ज.जा.) के छात्रों/अभ्यर्थियों को उक्त योजना से लाभान्वित होने की संभावना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्यमंत्री
(श्री दुर्गादास उइके)

(क) से (घ): जनजातीय कार्य मंत्रालय अनुसूचित जनजाति के छात्रों को कोचिंग प्रदान करने के लिए कोई विशेष योजना नहीं चला रहा है। हालाँकि, जनजातीय कार्य मंत्रालय अनुच्छेद 275(1) के प्रावधान (परंतुक) के तहत अनुदान के अंतर्गत उनके प्रस्तावों के आधार पर राज्य सरकारों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। 2019-20 से 2023-24 के दौरान अनुच्छेद 275(1) के प्रावधान(परंतुक) के तहत अनुसूचित जनजातियों हेतु कोचिंग की गतिविधियों के लिए अनुमोदित निधियों का ब्यौरा निम्नानुसार है:

(लाख रुपए में)

2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24
860.00	230.00	223.20	802.60	250.00

इसके अलावा, पूर्ववर्ती योजना 'जनजातीय उप-योजना के लिए विशेष केंद्रीय सहायता' के तहत जनजातीय कार्य मंत्रालय ने राज्य सरकारों से प्राप्त प्रस्ताव पर वित्त पोषण प्रदान किया है। 2016-17 से 2020-21 के दौरान 'टीएसएस को एससीए' की पूर्ववर्ती योजना के तहत पी.ए.सी. द्वारा अनुमोदित ऐसी गतिविधियों का ब्यौरा **अनुलग्नक-I** पर है।

इसके अलावा, जनजातीय कार्य मंत्रालय ने पीवीटीजी के सामाजिक-आर्थिक और समग्र विकास के लिए "पीवीटीजी का विकास" योजना के तहत, पीवीटीजी छात्रों के लिए कोचिंग की गतिविधियों हेतु संबंधित राज्य सरकार / संघ राज्यक्षेत्र को नीचे दिए गए अनुसार निधियां प्रदान की हैं।

(लाख रुपए में)

2019-20	2020-21	2021-22	2022-23
137.72	118.40	100.00	50.00

इसके अलावा, जनजातीय कार्य मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त सोसायटी, राष्ट्रीय आदिवासी (जनजातीय) छात्र शिक्षा समिति (एनईएसटीएस) ने शैक्षणिक वर्ष 2023-24 से समर्पित केंद्र पर ईएमआरएस में अध्ययनरत छात्रों (कक्षा-XI और XII) के लिए आईआईटी जेईई और एनईईटी की तैयारी हेतु दो वर्ष का निःशुल्क आवासीय कोचिंग कार्यक्रम शुरू किया है। छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले के शिवप्रसादनगर ईएमआरएस में एनईईटी (नीट) और आईआईटी की तैयारी के लिए डिजिटल रूप से पढ़ाने (ट्यूटरिंग) का प्रावधान किया गया है।

अनुलग्नक-I

दिनांक 08.08.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2788 के भाग (क) से (घ) के संबंध में संदर्भित अनुलग्नक 1

वर्ष 2016-17 से 2020-21 के दौरान 'टीएसएस को एससीए' की पूर्ववर्ती योजना के अंतर्गत पीएसी द्वारा अनुमोदित कोचिंग सेंटरों से संबंधित गतिविधियों का विवरण

क्र.सं.	वित्तीय वर्ष	राज्य का नाम	गतिविधि का नाम	पीएसी द्वारा अनुमोदित राशि (लाख रुपए में)
1.	2020-21	तमिलनाडु	प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने के लिए जनजातीय छात्रों को कोचिंग प्रदान करना	52.5
2.		त्रिपुरा	अजजा छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग	52
3.	2018-19	तेलंगाना	राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे गेट (जीएटीई), आईईएस, आईएफएस और अन्य सरकारी सेवाओं के लिए व्यावसायिक योग्यता वाले अजजा छात्रों को कोचिंग) प्रस्तावित इकाइयाँ: - 200	100
4.		मेघालय	जनजातीय युवाओं को सॉफ्ट स्किल कोचिंग।	498.55
5.		छत्तीसगढ़	बेरोजगार युवकों और कक्षा 12 के विद्यार्थियों को बीपीओ अभिविन्यास (ओरिएंटेशन) के लिए स्पोकन इंग्लिश और (एक्सेंट न्यूट्रलाइजेशन) की कोचिंग देना	200.00
6.	2017-18	छत्तीसगढ़	एकलव्य मॉडल स्कूल, बालिका शिक्षा परिसर, क्रीड़ा परिसर आदि में कक्षा 9, 10, 11 एवं 12 के विद्यार्थियों को विज्ञान, गणित एवं अंग्रेजी विषय की कोचिंग	62.4
7.	2016-17	तेलंगाना	रोजगार क्षमता कौशल पर अजजा छात्रों के लिए विशेष कोचिंग और परीक्षा (12500 रुपये की दर से प्रत्येक)	312.5

******